# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

1/13/107, नैय्यर कालोनी, सिविल लाइन्स, अयोध्या–224001

डाउनलोड जल सारथी ऐप

Email Id: eeupjn_cdfaizabad@yahoo.co.in

पत्रांक 7825 / M-15 / 90 दिनांक 14/09/2026

सेवा में,

**मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)**
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय : **दैनिक भाष्कर (Digital) में दिनांक 14.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक ''हरिनाथपुर में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः ग्रामीणों ने डीएम से की ठेकेदारों की जांच की मांग'' के संदर्भ में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भाष्कर (Digital) में दिनांक 14.09.2026 को प्रकाशित शीर्षक '' **हरिनाथपुर में जल जीवन मिशन की टंकी अधूरीः ग्रामीणों ने डीएम से की ठेकेदारों की जांच की मांग**'' के संदर्भ में अवगत कराना है कि विकासखण्ड– बीकापुर में हरिनाथपुर, मीतनपुर एवं रामपुर भगन पेयजल योजनाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–

| क्र0सं0 | प्रस्तावित कार्य | हरिनाथपुर, मीतनपुर एवं रामपुर भगन पे0यो0 | |
|---|---|---|---|
| | | मात्रा | प्रगति |
| 1. | ट्यूबवेल– | 2 नग | पूर्ण। |
| 2. | शिरोपरि जलाशय | 1 नग | बॉटमडोम का कार्य प्रगति पर। |
| 3. | वितरण प्रणाली | 51.06 किमी0 | 35.8 किमी0 पूर्ण। |
| 4. | पम्पहाउस | 2 नग | 1 नग पूर्ण एवं 1 नग अपूर्ण। |
| 5. | बाउण्ड्रीवाल | 2 नग | पूर्ण। |
| 6. | गृह जल संयोजन | 2220 नग | 892 नग का कार्य पूर्ण। |
| 7 | सोलर | 2 नग | अपूर्ण। |

जनपद अयोध्या के विकासखण्ड– बीकापुर की ग्राम सभा हरिनाथपुर, मीतनपुर एवं रामपुर भगन में जल जीवन मिशन अन्तर्गत पेयजल योजना का कार्य लगभग 75 प्रतिशत पूर्ण है। योजना के समस्त शेष कार्य मार्च, 2027 तक पूर्ण कर जलापूर्ति प्रारम्भ किया जाना लक्षित है।

सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(अरविन्द यादव)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 / / दिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), अयोध्या।
2. जनसम्पर्क अधिकारी, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा शाखा), अयोध्या।
3. सम्बन्धित सहा0अभि0/जूनि0इंजी0 (खण्डान्तर्गत)।
4. मेसर्स वी0एस0ए0–एस0सी0एल0 (जे0वी0), हैदराबाद को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्त पेयजल योजनाओं के अवशेष कार्यों को समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

9/2026- doc.aky8-9

Scanned with OKEN Scanner